## खबर संक्षेप

### भाजपा जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को दी शुभकामनाएं

**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष शेषराव यादव ने कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। जिला अध्यक्ष शेषराव यादव ने पार्टी के स्थापना दिवस पर प्रदेश के पार्टी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रवाद के जिस ध्येय को लेकर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जैसे मनीषियों ने जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी को आगे बढाने का काम किया, उसी परंपरा का निर्वाह हम सभी पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ता कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे लिए देश प्रथम, उसके बाद दल और अंत में हम स्वयं को रखते हैं।

### कल शिव मंदिर में रक्तदान शिविर

**छिंदवाड़ा।** जिला कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के आदेशानुसार जिला अस्पताल ब्लड बैंक छिंदवाड़ा की रक्त की पूर्ति के लिए कल 6 अप्रैल परासिया शिव मंदिर में रक्तदान शिविर जागते रहो ग्रुप खून का रिश्ता ग्रुप के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है यहां शिविर प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 तक रहेगा। हमारा आप सभी से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर के रक्तदान करें जी यह रक्त जिले के जरूरतमंद पीड़ित मरीजों की जान बचाने में अति महत्वपूर्ण एवं सहायक सिद्ध होगा।

### मतदान के दिन रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश में लोकसभा के चुनाव के लिये 4 चरणों में मतदान होना है। राज्य शासन ने प्रत्येक चरण के मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार, द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल 2024 शुक्रवार, तृतीय चरण का मतदान 7 मई 2024 मंगलवार और चतुर्थ चरण का मतदान 13 मई 2024 सोमवार को होगा। संबंधित क्षेत्रों में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश का दिन होगा।

### माफिया के बीच विवाद के चलते रेत बंदी के दावे निकले खोखले, बीती रात थाने के पीछे आई रेत

# नवरीटोला जंगल की नदी से कांग्रेस नेता का भाई करता है रेत चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

पिछले दिनों तामिया तहसील में हो रही लगातार रेत की चोरी, को लेकर चोरी के ईस धंधे में भाजपा और कांग्रेस के स्थानीय नेता लिप्त,है। वर्तमान में चल रहे लोकसभा चुनाव को लेकर इन्हीं नेताओं के बीच सट्टा जुआ एवं रेत व्यवसाय को लेकर खुलेआम आरोप प्रत्यारोप की घड़ी आन पड़ी। जिसमें सट्टा वाले ने रेत चोरी का खुला विरोध किया। और ये शिकायत अधिकारियों तक पहुँची इसी का काउंटर अटैक करते हुए रेत के अवैध धंधे में शामिल नेता ने सट्टा पट्टी लिखे जाने का वीडियो बनाया। जिससे इन दोनों गुटों में गैंग वार की स्थिति निर्मित सी हो गई थी।



लेकिन जब इस तरह की स्थिति उत्पन्न हुई तो अधिकारियों की साख भी दाव पर लगने लगी? तो आनंन-फानन में अधिकारियों ने इन सट्टा और रेत माफिया के बीच में गुप्त समझौता करवाया। इस तरह दोनों सहमत हुए। और अपने-अपने धंधे में पुनः लग गए, लेकिन आमजन में यह बात खूब चर्चाओं में रही अखबारों ने भी इस घटना ने खूब सुर्खियां बटोरी। वहीं सोशल मीडिया पर भी लोगों ने खूब मैसेज वायरल किया और सट्टा रेत के धंधे दोवारा विधिवत चालू हो गये,? और रेत की चोरी चालू हो गई! जिसका उदाहरण बीती रात तामिया में रेत के वाहन पूर्व की तरह चोरी की रेत लेकर आने लगे। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। की सीएम राईज, स्कूल ठेकेदार निर्माण मैं इनके कंक्रीट प्लांट में बीती रात रेत डाली गई। वह भी थाने के पीछे स्थित मैदान में रेत डाले जाना लोगों में चर्चा का विषय बन गया। कि अभी हाल ही में हमने सोशल मीडिया अखबारों में देखा सुना की अब रेत की चोरी बंद हो गई है। लेकिन बीती रात कुआं बादला सर्कल की भाड़ी बीट के जंगल नवरी टोला से कांग्रेस नेता का भाई जो यहां पर रेत का बड़ा सप्लायर है। उसने यहां पर रेत गिरा कर तय कर दिया की रेत चोरी शुरू है। और हमें किसी भी अधिकारी नेता का भय नहीं हैं। ना ही हम आचार संहिता का पालन करते हैं। क्योंकि इन रेत चोरों को अधिकारियों का जो संरक्षण मिला हुआ है। उसी के बलबूते ये खुलेआम रेत बेच कर नियम कानून को अधिकारियों की मिली भगत से धता बतलाकर, चंद् रुपये देकर अपने आप को शासन प्रशासन से ऊपर मांन बैठे हैं ।

### आरोपियों के विरूद्ध पहले भी दर्ज है अपराध

# फिर चौरई पुलिस ने बेचने से पहले पकड़ी गांजे की खेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

जिले के संवेदनशील पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री उप पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के आदेशानुसार सम्पूर्ण जिले भर में अवैध गतिविधियों व नशा के विरुद्ध अनवरत चलाएं जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत चौरई एसडीओपी सौरव तिवारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी चौरई संजय भलावी द्वारा गठित टीम को आज सुविज्ञ सूत्रों से पुख्ता खबर मिली कि गुरैया (चौरई ) निवासी अखिलेश उर्फ़ हनुमान पिता श्याम कुमार शर्मा उम्र 23साल अपने पास अवैध रूप से गांजा रखकर बेचने की फिराक में था जिसे पुलिस द्वारा उक्त सूचना पर रेड करने पर आरोपी हनुमान मौके पर ही गांजा लिए मिला जिसकी विधिवत तलाशी ली जाने पर उसके कब्जे से लगभग 690 ग्राम कीमती करीब 10000 रूपये का अवैध रूप से रखा गांजा मिला।। जिसे गठित पुलिस टीम के द्वारा जप्त कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत कार्यवाही की गयी। पुलिस ने बताया कि उक्त अवैध गांजा तस्कर हनुमान उर्फ़ (अखिलेश )पिता श्याम कुमार शर्मा निवासी गुरैया थाना चौरई में आरोपी के विरुद्ध पूर्व मे भी अन्य अपराध दर्ज है। उक्त आदतन आरोपी आज पुनः गांजा बेचते पुलिस की गिरफ्त मे आ गया। गिरफ्तार आरोपी से अन्य गांजा के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विषय में भी बारीकी से छानबीन कर जानकारी एकत्रित की जा रही है ताकि इस रैकट में शामिल और भी लोगों का भंडाफोड़ होकर उनके खिलाफ विधिसंगत कार्यवाही हो सके। उक्त गांजा खेप पकड़ कार्यवाही में निरीक्षक संजय भलवी ,. सहायक उप निरीक्षक शैलेश ठाकुर ,शरद मालवी ,आरक्षक ,सतीश बघेल की भूमिका रही ।

# परिवहन विभाग ने 10 वाहनों से लिया गया 5000 रूपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

परिवहन आयुक्त ग्वालियर और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी छिंदवाड़ा श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी छिंदवाड़ा द्वारा सभी छोटे-बड़े घरेलू उपयोग के वाहन स्वामियों व सभी व्यावसायिक वाहन संचालकों को हूटर, सायरन, बैनर, स्लोगन, पदनाम नेम प्लेट को तत्काल हटाने संबंधी विशेष निर्देश दिये गये है।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि परिवहन जांच दल द्वारा आज छिंदवाड़ा-नागपुर मार्ग पर वाहनों की सघन जाँच की गई जिसमें बिना एच.एस.आर.पी.नम्बर प्लेटों की जांच का कार्य प्रमुखता से कर कार्यवाही की गई। जांच के दौरान परिवहन जांच दल द्वारा सवारी बसों, ऑटो रिक्शा और सभी प्रकार के यात्री वाहनों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों की फिटनेस संबंधी बारीकी से जाँच की गई। इसमें वाहनों के सभी दस्तावेजों की जाँच की गई जिसमें वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, वाहन चालक के पास वाहन के अनुसार योग्य व वैध लाइसेंस की जाँच और वाहनों में सुरक्षा संबंधी उपकरण जैसे अग्नि शमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन द्वार, वाहनों की परिस्थिति चलने योग्य है या नहीं आदि ऐसे सभी बिन्दुओं पर सूक्ष्मता से जाँच की गईं। उन्होंने बताया कि वाहनों की चैकिंग की जानकारी लगने पर वाहन चालकों में हड़कंप मच गई और उन्होंने अपने रास्ते को बदल लिया।

इस दौरान जिन वाहन संचालकों द्वारा मोटरयान अधिनियमों का उल्लंघन करने और वाहनों में हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट नहीं लगाने पर ऐसे वाहनों पर तत्काल चालानी कार्यवाही करते हुये 10 वाहनों 5000 रूपये का जुर्माना लिया गया जो हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट नहीं लगाने पर लिया गया है । उन्होंने सभी वाहन स्वामियों को निर्देश दिये हैं कि अपने वाहनों में हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट शीघ्र लगवायें तथा मोटरयान अधिनियम 1988 के सभी प्रावधानों का पालन करें।

### वसीम खान के नेतृत्व में अल्पसंख्यक समुदाय के युवा हुए भाजपा में शामिल

**जुन्नारदेव।** आज स्थानीय जय श्री लॉज में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रिजवान कुरैशी का आगमन हुआ उनके समक्ष। 40 युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ली. युवा नेता वसीम खान जो की। पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री जियारत खान के बड़े सुपुत्र हैं। और पूर्व युवक कांग्रेस महामंत्री एवं पूर्व जिला कांग्रेस प्रवक्ता भी रह चुके हैं। उनके और भाजपा अल्पसंख्यक नगर मंडल के अध्यक्ष सद्दाम खान की कोशिशें से। आज। युवाओं ने भाजपा की सदस्य ग्रहण की। सदस्य ग्रहण करने वालों में। अजहर खान, हैदर खान, हरीश खान, इरशाद खान, शाहबाज खान, शाहरुख खान,अमन खान, मोहित वर्मा, सतीश झरने, विपुल घोष, जैद खान, शहजाद खान, अरबाज खान, अयान खान, अमन खान आदि का समावेश रहा।

इस गरिमा में कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक श्री रतन सा कावरेती, जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रिजवान कुरैशी, जिला महामंत्री राजू नरोट जी, वरिष्ठ भाजपा नेता ओमप्रकाश उड़िया, जिला भाजपा उपाध्यक्ष योगेश साहू, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सरोदे जी, नगर पालिका पार्षद और अपील समिति के सदस्य श्री संजय जैन जी, पार्षद तौफीक खान, फारून अख्तर जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णु शर्मा, सरीन खान सहित वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को रिजवान कुरैशी, पूर्व विधायक नाथन शाह जी, जिला उपाध्यक्ष योगेश साहू एवं तौफीक खान ने संबोधित किया।

# आदिवासियों के सुख दुःख में साथ और आरक्षण कभी बंद नहीं होगा, न विकास रुकेगा: नकुलनाथ

### गोंडवाना से कांग्रेस में शामिल हुए कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



कांग्रेस की पंद्रह माह की सरकार में हमने सौ रुपये में सौ यूनिट बिजली का वादा पूरा किया, वृद्धा पेंशन तीन सौ रुपयों से बढ़ाकर छह सौ रुपए की, मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय और हॉटिकल्चर कॉलेज की सौगात दी, किन्तु भाजपा ने इन विकास कार्यों का बजट आधा कर दिया, मेरा वादा है कि जल्द ही इन कार्यों को पूरा कराया जाएगा।जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र के लहगढूआ में आयोजित विशाल जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए सांसद नकुलनाथ ने कहा कि एग्रीकल्चर कॉलेज का सपना भी जल्द ही पूरा होगा, भाजपा सरकार के सारे षड्यंत्र विफल होंगे और एग्रीकल्चर खुलकर रहेगा। हमारे जिले के साथ ही पडोसी जिलों के छात्र-छात्राओं को गुणवत्तायुक्त उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु आप सभी के प्यार व आशीर्वाद से कमलनाथ व मेरे द्वाराखोले गये इन शैक्षणिक संस्थाओं को पूरा होने से भाजपा की सरकार ने रोका है। भाजपा के लोग अक्सर कहते हैं कि मैंने व कमलनाथ जी ने कितने लोगों को रोजगार दिया तो इसका जवाब आप लोगों के पास है,उनसे कहिये कि बोरगांव औद्योगिक क्षेत्र में संचालित विभित्र कम्पनियों में बारह हजार से अधिक लोग कार्य कररहे हैं किन्तु भाजपा बताये कि उन्होंने 20 साल की सरकार में उन्होंने कितने उद्योग लगाये। उन लोगों ने तो जो घोषणायें की वह भी पूरी नहीं हो पाई। ये लोग जब वोट मांगने आयें तो इनसे सवाल अवश्य करना कि आपके वादेकब पूरे होंगे। नकुलनाथ ने कहा कि भाजपा 45 और 46 साल के गणित में ना पड़े, क्योंकि भाजपा के आयातित नेताओं के लिये छिन्दवाड़ा एक निर्वाचन क्षेत्र है जबकि कमलनाथ व मेरे लिये परिवार और घर है। यहां का प्रत्येक नागरिक परिवार का सदस्य है।

## स्वागत समारोह में पहुंचे कमलेश शाह और विक्रम अहाके

**सिंगोड़ी:** आपने हमें तीन बार विधायक बनाया और हम विधान सभा का काम नही करवा पा रहे थे, एक जनप्रतिनिधि होने के नाते जो विकास होना चाहिए वो भारतीय जनता पार्टी में रहकर होना संभव है। उक्त बाते पूर्व विधायक कमलेश शाह और



निगम महापौर विक्रम अहके ने सिंगोड़ी भाजपा मंडल द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में व्यक्त कर रहे थे। सिंगोड़ी मंडल अध्यक्ष सोनू सरसवार ने नव नयुक्त भाजपा सदस्यों का स्वागत किया तथा सिंगोड़ी क्षेत्र के दर्जनों गांव के कांग्रेस के सैकड़ो कार्यकर्ताओं को वरिष्ठजन के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाया। वही कमलेश शाह ने लोक सभा के प्रत्याशी बंटी साहू को जिताने का सभी से निवेदन किया तथा विक्रम अहाके ने बंटी साहू को जिले का विकास कराने के लिए लोकसभा सांसद चुनकर दिल्ली पहुंचने की बात कही और कई उपस्थित वक्ताओ ने भी बंटी साहू को हर बूथ से जीताने की बात कही। इस दौरान पूर्व विधायक कुँवर कमलेश शाह महापौर विक्रम आहाके, भाजपा जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, अमरवाड़ा लोकसभा चुनाव प्रभारी नितिन तिवारी योगेश यादव पुष्पकुमार जैन कैलाश साहू दीपक नेमा डा उमेश शर्मा रामनाथ साहू कपिल ठाकुर अनमोल बत्रा राजिक मिस्किनी राजेश कहार मंडल कार्यकारिणी, समस्त मोर्चा के मंडल अध्यक्ष, जनप्रतिनिधियों, एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नगर निगम आयुक्त ने किया हाउसिंग प्रोजेक्ट का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय प्रतिदिन मैदानी निरीक्षण में शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर रहे है। इसी क्रम में निगमायुक्त प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन इमलीखेडा, खजरी एवं परतला परियोजनाओ का स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान आयुक्त ने प्रोजेक्ट से जुड़े सभी बिंदुओं पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों से विस्तार से चर्चा की। आयुक्त ने इन परियोजनाओं के अपूर्ण रहने के कारणों को जाना एवं सभी आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त के साथ उपयंत्री राजवीर सिंह , कार्यालय अधीक्षक मोहन नागदेव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे लखन वर्मा

### विवेक साहू को जिताने पूरी ताकत के साथ विधानसभा प्रभारी कर रहे गांव का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई



शुक्रवार को कुंडा मंडल के अंतर्गत आने वाले जैसे,मरकाहांडी ,झिलमिली सिहोरा माल,चीज गांव माचागोरा पल्हरी ग्रामों में जाकर भाजपा विधानसभा प्रभारी लखन कुमार जी वर्मा द्वारा नुक्कड़ संभा ली गई तथा अपने संबोधन में प्रदेश एवं केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजना की विस्तृत जानकारी दी गई।

इस दौरान लखनकुमार वर्मा जी आनंद भारद्वाज जी कमलेश वर्मा जी आशीष वर्मा जी संतोष पटेल जी रहेश वर्मा जी पप्पू दुबे जी रामकुमार वर्मा जी अतरलाल वर्मा जी गोविंद दांतले जीअवनीत पप्पू सोनी जी सुनील नगपुरे जी Dr संतोष वर्मा जी मोहन सिंग वर्मा जी रिक्खीराम वर्मा जी बसंत पटेल जी जतन पटेल जी मुंशीराम वर्मा जी नेमीराम वर्मा जी सुधीर वर्मा जी सोहन वर्मा जी रविकांत वर्मा जी करतार बेस जी संजय बेस जी नेमीराम वर्मा जी लंकेश साहू जीसरजू वर्मा जी अभय राम वर्मा जीराहुल लिल्हरेजी जनपद सदस्य रिख्खी राम वर्मा जी सरपंच महेंद्र सुलखिया जी उपसरपंच सूरज सिंह वर्मा जी पूर्व सरपंच अभराम वर्मा जी पूर्व सरपंच लंकेश साहू जी खिम्मा वर्मा जी देवी सिंह वर्मा जी घनश्याम वर्मा जी शिवराम वर्मा जी किशोर वर्मा जी नंदलाल वर्मा जी श्री चंद साहू जी गंगा साहू जी डेहरिया जी सरपंच बसंत शर्मा जी शिव प्रसाद चंद्रवंशी जी सुरेश चंद्रवंशी जी शिवनारायण वर्मा जी पुरुषोत्तम चौरसिया जी सत्तू चंद्रवंशी जी कमल चंद्रवंशी जी , राम सिंह मालवीय जी विश्राम उइके माखन पटेल जी रघुनाथ पाल जी बलदेव मालवीय जी शैलेश पाल जी गोविंद मालवीय जी आनंद कटारिया जी चंदन पाल जी शंकर मालवीय जी बालक राम लहरिया जी आनंद जी भूरा डेहरिया जी कन्हैया चंद्रवंशी जी माखन चंद्रवंशी जी घुडो उइके जी ,गंगाराम वर्मा जी आत्माराम चंद्रवंशी जी किशन वर्मा जी निरंजन वैश जी संतराम पाल विनोद वैस गोविंद यादव मौजूद रहे।

# पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने महिलाओं को सुविधा, सुरक्षा, सम्मान प्रदान किया: शालिनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पिछले 10 वर्षों में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं को सुविधा, सुरक्षा, सम्मान प्रदान किया है। गैस कनेक्शन के लिए उज्वला, महिला शौचालयों के लिए स्वच्छता और घरों में नल के पानी के लिए जल-जीवन जैसी विचारपूर्वक बनाई गई योजनाओं ने न केवल महिलाओं के जीवन को सरल बनाया, बल्कि उन्हें आत्मसम्मान के साथ आत्मविश्वास की भावना भी प्रदान की है। उक्त बातें जुन्नारदेव विधानसभा अंतर्गत उमरिया, घुट्टी, जुन्नारदेव विशाला, वार्ड नं 10 पंचशील कॉलोनी समेत अन्य नगरीय क्षेत्रों में जनसंपर्क के दौरान श्रीमति शालिनी बंटी साहू ने कहीं। जनसंपर्क के दौरान स्थानीय नागरिकों ने महिला मोर्चा की बहनों का स्वागत कर लोकसभा चुनावों में कमल फूल की बटन दबाकर बंटी विवेक साहू को विजय बना मोदी जी के हाथों को मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया।

श्रीमति साहू ने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं के दैनिक जीवन से कठिनाई को दूर करने का वचन निभाया है। उज्वला योजना के तहत एलपीजी सिलेंडर के बढ़ते उपयोग ने धुआं-मुक्त रसोई उपलब्ध कराई है, इससे करोड़ों महिलाओं को धुएं से होने वाली सांस की पुरानी बीमारियों से बचाया है। स्वच्छ भारत अभियान की सफलता के साथ, करोड़ों महिलाएं अब सुरक्षा व गरिमा के साथ निडर रहकर अपने घरों में ही शौचालय तक पहुंच में सक्षम बनी हैं। दैनिक उपयोग के लिए लंबी दूरी तक पैदल चलकर पानी लाना अतीत की बात होती जा रही है, क्योंकि देशभर के घरों में जल जीवन मिशन के तहत नल के पानी के कनेक्शन मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर निर्भर है। सरकार की मुद्रा योजना के अंतर्गत 27 करोड़ से अधिक महिलाओं को ऋण प्रदान किए गए हैं। इसने देश भर में करोड़ों महिलाओं को उद्यमी बनाकर वित्तीय रूप से स्वतंत्र होने में सक्षम किया है, वहीं सुकन्या समृद्धि योजना खाते खोले गए हैं। पीएम आवास योजना में महिलाओं को परिवार का स्वामित्व दिया जा रहा है, इस प्रकार वे घरेलू निर्णय लेने में सक्रिय रूप से भागीदार बन रही हैं। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में महिलाएं सुदृढ़ रूप से आगे बढ़ी हैं।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा गरिमा प्रतीक दामोदर, जिला महिला मोर्चा मंत्री श्रीमती सपना सोनी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जुन्नारदेव सोनिया कुमारी, स्मृति यादव, भुवनेश्वरी भनारे, सपना पाल, जुन्नारदेव नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, जुन्नारदेव मंडल अध्यक्ष श्री नवजीत जैन लीना चौरसिया,रंजीता डेहरिया, सोनिया धुर्वे मौजूद रहे।

### आरक्षित सीट पर प्रत्याशी बना पहले अहसान और फिर अपमान का खेल खेलती है कांग्रेस

# नकुलनाथ के दिल और दिमाग में आदिवासियों के प्रति नफ़रत भरी है : बंटी साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कांग्रेस देशभर में धार्मिक तुष्टिकरण, जातिभेद के बाद छिंदवाड़ा में आदिवासी समाज में विभेद पैदा करने की साजिश पर काम कर रही है। जिसके तहत आदिवासी से आदिवासी को लड़वाने, उनमें विभाजन कर राजनीतिक फायदा उठाना की लालसा दिखाई दे रही है। जिसके लिए बाकायदा कांग्रेस का समर्थन करने वालों को कट्टर और सच्चा आदिवासी बताया जा रहा है, वहीं अपनी अस्मिता और सम्मान के लिए लड़ने वाले आदिवासी नेताओं को 'बिका हुआ और गद्दार' कहकर संबोधित किया जा रहा है। उक्त बातें भाजपा प्रत्याशी बंटी विवेक



साहू ने शुक्रवार को चौरई विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान कहीं।

श्री साहू ने कहा कि संवैधानिक अधिकारों के तहत छिंदवाड़ा जिले में आदिवासी समाज के लिए आरक्षित 7 में से 3 विधानसभा एवं नगर निगम की महापौर सीट पर कांग्रेस ने आदिवासी प्रतिनिधि उतारकर पहले अहसान जताने का काम किया, बाद में उनके अपमान और उन्हें नीचा दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इसका जीता जागता उदाहरण नगर निगम महापौर विक्रम अहाके हैं, जिनके सहज, सरल और जमीनी जुड़ाव का कांग्रेस ने भरपूर चुनावी फायदा उठाया। इसके लिए छिंदवाड़ा से लेकर प्रदेश की राजधानी भोपाल और भोपाल से लेकर देश की राजधानी दिल्ली तक गरीब आदिवासी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का बेटा, लुंगी, सायकिल और लड़की के गठ्ठे को खूब प्रचारित कर भावनात्मक वाहवाही लूटी गई। जिसके बाद निर्वाचित जन प्रतिनिधि के साथ सार्वजानिक तौर पर अपमानित करने का खेल खेला गया। जिनमें आम कार्यकर्ताओं के साथ खड़ा करवाकर अपना स्वागत करवाना, साथ चलने और उठने-बैठने पर अपने अंग रक्षकों से धक्के लगवाना आम बात है। वर्तमान में भी लोकसभा चुनावों को लेकर एक बार फिर छिंदवाड़ा में कांग्रेस नेताओं में आदिवासी समाज का हितैषी बनने की होड़ लग गई है। इसके लिए जाली आंकड़ों के साथ आदिवासी अंचलों के हवाई दौरे तक किए जा रहे हैं। जिले के भोलेभाले आदिवासियों को अपना परिवार और स्वंय को उनका पैरोकार बताया जा रहा है।

लोकसभा प्रत्याशी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र और मप्र की भाजपा सरकार आदिवासी समाज के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। पिछले 10 वर्षों में मोदी जी की सरकार ने जनजाति समाज का स्वाभिमान और सम्मान बढ़ाते हुए कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं।

### चांद कॉलेज में नुक्कड़ नाटक से मतदाता जागरूकता का संदेश

# मतदान प्रतिशत राष्ट्र की जन जागरूकता की कसौटी है: प्रो. सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



शासकीय महाविद्यालय चांद में रेड रिबन क्लब, रासेयो और व्यक्तित्व विकास विभाग द्वारा सामूहिक रूप से आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत ₹सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो₹ के कथानक पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रो. अमर सिंह ने कहा कि मत देना राष्ट्रीय कर्तव्य है और मतदान राष्ट्रीय महादान है। मत देना हर नागरिक का विशेषाधिकार है। मतदान प्रतिशत राष्ट्र की सार्वजनिक जागरूकता की कसौटी है। नुक्कड़ नाटक में मत देने के राष्ट्रीय यज्ञ में आहुति देने की उपयोगिता, अनैतिक तरीके से मतदान के नुकसान, चुनाव आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई मत देने की सुविधाएं और मतदान प्रतिशत में प्रथम आने के गौरव पर विस्तार से जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक में प्रमुख भूमिका का निर्वहन प्रो. अमर सिंह के साथ छात्र अर्शिल पठान ने और प्रतिभा तिवारी व अनुपमा सिमोनिया ने किया। इस कार्यक्रम को आयोजित कराने में शिक्षक चंद्रशेखर मराठा चंद्रशेखर अयोधि, असलम खान, राजू आरधी, सावित्री ठाकुर, मालती पाल और इंदु मराठा के साथ आंगनवाड़ी सहायकाएं ,आशा कार्यकर्ताएं एवं चांद कॉलेज का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

## छोटी बाजार में वार्डवासियों को दिलाई गई मतदान की शपथ



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला नोडल अधिकारी स्वीप श्री पार्थ जैसवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिये चौड़ा बाबा मंदिर छोटी बाजार छिंदवाड़ा में वार्डवासियों को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदान की शपथ दिलाई गई और मतदान का प्रतिशत बढ़ाने की अपील की गई। कार्यक्रम में नगरपालिक निगम के सहायक यंत्री श्री विवेक चौहान, उपयंत्री सुश्री स्मिता इंदौरकर, श्री उमेश प्यासी, सुश्री सेवंती पटेल, श्री पवन सोनी, श्री सौरभ मदने और अन्य कर्मचारी मौजूद थे ।

## सेन समाज ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सेन समाज छिंदवाड़ा के तत्वावधान में होली मिलन समारोह दिनांक 4/4/2024 दिन गुरुवार को समय 4 बंजे स्थानीय नरसिंहपुर रोड धर्म टेकडी के सामने सेन समाज भवन प्रांगण में समाजिक एकता व अखंडता के साथ मनायी गई।यह जानकारी देते हुए जिला युवा अध्यक्ष हेंमत बंदेवार ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सेन समाज होली मिलन समारोह समाज के सभी समाजिक वरिष्ठ बंधुओ की विशेष गारिमामय उपस्थित में समाजिक रिति रिवाज व हर्षोल्लास के साथ मनाया गईइस अवसर पर सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश बंदेवार ने कहा कि रंगों के इस त्योहार का एक अलग महत्व है,ओर यह त्योहार आपसी मतभेद भुलाकर एक दूसरे को गले लगा मनाया जाता है।जिला अध्यक्ष सागर बंदेवार ने सभी समाजिक बंधुओ से अपील करते कहा कि अगले महीने 5 मई को सेन जंयती आ रही है, जिसमें सभी समाजिक बंधुओ से चढबढकर हिस्सा लेने की अपील की है।प्रदेश युवा अध्यक्ष अंकित बंदेवार, वरिष्ठ संरक्षक परसराम बंदेवार, मुकेश सराठे, जगदीश श्रीवास,राजकुमार सराठे,शैलुन ऐशोशियन अध्यक्ष बंटी श्रीवास,पवन,अनिल बंदेवार, राजेश बंदेवार, सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु व पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## यदि व्यक्तित्व का विकास नहीं हुआ है तो जीवन में सफलता का प्रतिशत बहुत कम है - डॉक्टर शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई का विशेष शिविर ग्राम पंचायत चिकलमऊ में लगाया गया है। गुरुवार को शिविर में परिचर्चा के दौरान शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव के प्राचार्य डॉ वायके शर्मा ने परिचर्चा की थीम महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत छात्राओं को कहा कि यदि व्यक्तित्व का विकास नहीं हुआ है तो जीवन में सफलता का प्रतिशत बहुत कम होगा वर्तमान में महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने की अत्यंत आवश्यकता है उन्हें एक कहावत के अनुसार काक चेष्टा बगुला ध्यान स्वान निद्रा और गधे जैसा निष्ठावान होना चाहिए।

इसका मतलब जिस प्रकार कौवा अपने लक्ष्य को बार-बार पानी का प्रयास करता है उसी प्रकार लक्ष्य पाने के लिए उत्साहित होना चाहिए बगुला जिस प्रकार अपने ज्ञान को अपने शिकार पर लगता है उसी प्रकार ध्यान लगाना चाहिए जिस प्रकार एक कुत्ता नींद में भी जागते हुए सोता है वैसा ही जागरूक हमें होना चाहिए जिस प्रकार गधा लगातार परिश्रम कर अंत में सफलता प्राप्त करता है उसी प्रकार हमें भी करनी चाहिए। परिचर्चा के दौरान वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर पी अजवानी ने कहा की असफलताओं के बाद ही सफलता के द्वार खोलते हैं इसलिए लगातार प्रयत्न करना जरूरी है उन्होंने करत करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान रसरी आवत जात ही सिल पर पड़त निशान दोहे के माध्यम से छात्राओं को प्रेरित किया। खेल अधिकारी नीरज पाल ने कहा कि आज के आधुनिक दौर में महिलाएं खेलों में भी अपना बेहतर भविष्य तलाश सकती है महिला सशक्तिकरण की थीम पर आयोजित उन्होंने खेलों में महिलाओं के बेहतर भविष्य पर अपना उद्बोधन दिया साथ ही छात्राओं को महाविद्यालय स्तर पर प्राप्त होने वाली खेल सुविधाओं से भी उन्होंने अवगत कराया।

## चार दिवसीय सीताराम कीर्तन का हुआ शुभारंभ



**छिन्दवाड़ा:** महादेव पार्टी प्रमुख नितिन राय ने बताया कि श्री श्री 108 बालकदास जी के द्वारा विगत 7 वर्षो से सीताराम कीर्तन करते हुये 1008 सीताराम कीर्तन का लक्ष्य पूरा करने का संकल्प लिया है । जिसके चलते उनके द्वारा जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सीताराम कीर्तन किया जा रहा है । उनके द्वारा चैरई के दिनांक 05.04.2024 दिन शुक्रवार से 4 दिवसीय सीताराम कीर्तन का शुभारंभ किया जिसका 8 अप्रैल 2024 को समापन होगा । नगर के धर्मप्रेमी बंधुओं से सीताराम कीर्तन अभियान में शामिल होने की अपील महादेव पार्टी द्वारा की गयी है। अभियान में श्रेष्ठ मंडलों को पुरूस्कृत करते हुये भजन सामग्री वितरित की जायेगी । सीताराम कीर्तन कार्यक्रम चैरई क्षेत्र के शर्मा परिवार विद्युत गंगा में यह आयोजन किया जा रहा है ।

## चैत्र नवरात्र में मनोकामना ज्योति कलश रखने की चल रही तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

श्री श्री दुर्गा माता मंदिर गुजरी बाजार दमुआ में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र पर धर्म प्रेमियों, भक्त जनों ,भक्त श्रद्धालुओं, के द्वारा मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की जाती है ।अतः जो भी भक्तगण धर्म प्रेमी बंधु एवं भक्तश्रद्धालु गण माता रानी जी के दरबार में मनोकामना ज्योति कलश रखना चाहता है वे शीघ्र ही श्री श्री दुर्गा माता मंदिर समिति गुजरी बाजार दमुआ के सदस्यों के मोबाइल नंबर 8982755743, 9755732021 पर संपर्क कर सकते हैं। और मनोकामना ज्योति कलश रखवा सकते हैं एवं पूर्ण लाभ अर्जित करें । खास बात तो यह है कि चैत्र नवरात्रि का उपासना का पर्व दिनांक 9 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है और 17 अप्रैल तक चलता रहेगा उसके पश्चात 18 अप्रैल को प्रभु श्री रामनवमी की पर्व की धूमधाम पूर्वक तैयारी की जाएगी और दमुआ नगर शहर सहित आसपास का एरिया क्षेत्र बढ़िया सजाया जाएगा जहां सारा की सारा माहौल भक्तिमय होगा हिंदू उत्सव समिति दमुआ एवं बजरंग दल प्रखंड दमुआ नगर संयोजक प्रखंड प्रमुख समस्त भक्त जनों बजरंगी से आगरा किया गया है कि भगवा तोरण झंडा बैनर लगाकर दमुआ शहर नगर को सजाया जाए और प्रभु श्री राम जन्मोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया जाए।

### निर्भीक होकर निष्पक्ष मतदान की दिलाई शपथ

**छिंदवाड़ा।** जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर माननीय शीलेंद्र सिंह निर्वाचन जिला नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ पार्थ जैसवाल के निर्देशानुसार एवं जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन विकासखंड समन्वयक वंदना राकेसिया के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था सेवा संकल्प वेलफेयर सोसायटी द्वारा विकासखंड अमरवाड़ा के सेक्टर क्रमांक 5 के ग्रामों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को युवाओं को निडर निष्पक्ष होकर मतदान करने की शपथ दिलवाई गई। साथ ही समस्त प्रस्फुटन समितियों के साथ मिलकर सेक्टर 05 के प्रत्येक ग्राम में जागरूकता का कार्य लगातार किया जा रहा । परामर्शदाता एवम नवांकुर संस्था प्रतिनिधि के द्वारा गांव में पहुंचकर जो पहली बार अपने मत का दान करेंगे ऐसे मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है ।

## शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान का हुआ आयोजन




**बालाघाट।** शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय एन.एस.एस. इकाई के गोदग्राम अमोली के ग्रामीण जनता को लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदान दिवस पर वोट डालने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार खण्डायत के मार्गदर्शन में इस हस्ताक्षर अभियान का प्रारंभ किया गया। हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के मतदाता साक्षरता क्लब प्रभारी डॉ. संगीता मेश्राम के संयोजन एवं एनएसएस इकाई प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार भिमटे एवं क्रीडा अधिकारी डॉ. विवेक खरगाल के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

### पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना के लिये अंतिम रूप से 15 मई तक किये जा सकेंगे आवेदन

**बालाघाट।** शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति वर्ग के नवीन एवं नवीनीकरण के ऐसे विद्यार्थी जिन्होने एमपीटॉस पोर्टल तथा एनआईसी के स्कालरशिप पोर्टल 2.0 पर पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना का ऑनलाईन आवेदन नही किया है। उन विद्यार्थियों के लिये पूर्व में आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2024 निर्धारित की गई थी। जिसके लिए एमपीटॉस पोर्टल एवं एनआईसी 2.0 पोर्टल पर विद्यार्थियों द्वारा शत प्रतिशत आवेदन नही होने के कारण वर्ष 2022-23 के लिये आवेदन तिथि 30 अप्रैल 2024 तथा वर्ष 2023-24 के लिये 15 मई 2024 कर दी गयी है।

### पूर्व विधायक किशोर समरीते को मातृशोक

## हृदयघात से मीरा आई समरीते का निधन, अंतिम संस्कार आज

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी-किरनापुर क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर समरीते की माताजी मीरा 'आई' समरीते आयु 75 वर्ष का 5 अप्रैल की सुबह लगभग 8 बजे हृदयघात से निधन हो गया। मीरा 'आई' समरीते की खबर जैसे ही नगर में फैली लोगों का श्री समरीते के घर पर आना शुरू हो गया। मीरा 'आई' समरीते के दो पुत्र और दो पुत्रिया है जिनमें बड़े पुत्र किशोर समरीते एवं छोटे पुत्र योगेश समरीते चंद्रपुर में निवास करते है तथा दो पुत्रियों में श्रीमती विमला झा एवं श्रीमती संगीता साहू होशंगाबाद बबई में रहती है जिनके पहुंचने के बाद आज 6 अप्रैल को सुबह 10 बजे श्रीमती मीरा 'आई' समरीते का स्थानीय कोटेश्वर धाम स्थित मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा। उल्लेखनीय है की श्रीमती मीरा 'आई' समरीते 2015-2020 तक नगर परिषद लांजी की अध्यक्ष रह चुकी है जिन्होने अपने कार्यकाल में लांजी नगर को अनेको सौंगाते प्रदान की तथा एक बार विधानसभा चुनाव में भी भाग्य आजमाया था। वहीं अपने नगर परिषद के कार्यकाल में खाली कुर्सी भरी कुर्सी के चुनाव में विरोधियों को पटखनी देते हुए अपनी अध्यक्षीय पद बरकरार रखा था। वहीं श्रीमती मीरा 'आई' समरीते को नगर के लोग 'आई' के नाम से ज्यादा विख्यात थी।

### क्षतिग्रस्त हो रहा ओवर ब्रिज, आए दिन हो रहे हादसे

## रेलवे और एमपीआरडीसी विभाग नहीं दे रहा ध्यान

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



क्षेत्र की मायॅल नगरी तिरोड़ी में रेलवे स्टेशन के पास मुख्य सड़क मार्ग पर तिरोड़ी से पीपरवानी सड़क मार्ग को जोड़ने के लिए रेलवे और म.प्र.सरकार के उपक्रम मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड के द्वारा मिलकर बनाया गया सड़क ओवर ब्रिज धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त हो रहा है. इस ओवर ब्रिज पर बनी सड़क कई इंच तक नीचे की ओर धसक गई है. जिस कारण वाहनों की आवाजाही में दिक्कत हो रही है जबकि नए वाहन चालक अनजाने में सड़क हादसे का शिकार हो रहे है. दरअसल, तिरोड़ी में मुख्य सड़क पर बना यह सड़क ओवर ब्रिज रेलवे और एमपीआरडीसी की तकनीकी टीम, इंजीनियर और अधिकारियों की घोर लापरवाही का एक नायाब उदाहरण है. ऐसा उदाहरण शायद ही प्रदेश में कहीं और ही देखने को मिले. ऐसा इसलिए क्योंकि यह एक ऐसी भूल है जिसमें सुधार की अब कोई गुंजाइश ही नहीं बची है. जी, हां जैसे कि तिरोड़ी, मॉयल नगरी के नाम से मशहुर है और यहां मैंगनीज खनन के लिए हर दिन ब्लॉस्टिंग होती है जिससे धरती में कंपन होता है. इस बात से तिरोड़ी की जनता पूरी तरह से वाकिफ है और शायद रेलवे को भी इस बात की ठीक-ठाक तरीके से जानकारी होगी. मगर, इसके बावजूद धरती में होने वाले कंपन की अनदेखी कर तिरोड़ी में स्टेशन के पास ओवर ब्रिज बना दिया गया. अब ब्लास्टिंग के दौरान होने वाले कंपन से शायद यह ब्रिज काफी हद तक प्रभावित होते हुए दिख रहा है. ब्रिज और सड़क के बीच आए दिन गेप यानि की अंतर दिखाई देता है एमपीआरडीसी हर बार लीपापोती कर इस कमी को छिपाने का काम करती है।

उल्लेखनीय है कि रेलवे और एमपीआरडीसी ने आनन-फानन में सड़क ओवर ब्रिज का निर्माण करवाया था. जब इसका निर्माण चल रहा था तभी निर्माण की गुणवत्ता को लेकर कई तरह के सवाल खड़े किए गए थे लेकिन तब ना तो रेल विभाग और ना ही एमपीआरडीसी के अधिकारियों के कानों में जूं रेंगी और ना ही आज अधिकारी ओवर ब्रिज की हालत को लेकर गंभीर है. ज्ञात रहे कि इस पुल से हर दिन करीब 100 से अधिक छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही होती है. जिसमें यात्री बसों से लेकर मालवाहक वाहन शामिल है. इसके अलावा यह मार्ग पठार अंचल के कई गांवों को तहसील मुख्यालय से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है जिस कारण दिन भर आवाजाही बनी रहती है. ऐसे में अगर यह ब्रिज अचानक से क्षतिग्रस्त होता है तो बड़ा हादसा हो सकता है. इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता. बीते दिनों जब ओवर ब्रिज की हालत इसी तरह से खराब हुई थी तब एमपीआरडीसी ने ब्रिज की दोनों ओर की सड़क की मरम्मत करवाने के नाम पर लीपापोती कर दी थी।

रेल फैन विवेक शर्मा के मुताबिक रेल अधिकारी बताते है कि सड़क के दोनों ओर के एप्रोच का हिस्सा एमपीआरडीसी का है. वहीं रेलवे ट्रैक के ऊपर का हिस्सा रेल विभाग का है. अगर एप्रोच वाले हिस्से में किसी भी प्रकार की क्षति होते दिखाई देती है तो रेल अधिकारी एमपीआरडीसी को इसकी सूचना देकर मरम्मत करवाने की बात कहते है जबकि ट्रेक वाले हिस्से में क्षति होने पर मरम्मत की जिम्मेदारी रेल विभाग की होती है. ज्ञात रहे कि इस ओवर ब्रिज के निर्माण के दौरान गुणवत्ता का बिलकुल भी ध्यान नहीं रखा गया और कंपन होने के कारण ब्रिज में क्षति होने का अनुमान है. खैर, तिरोड़ी का यह ओवर ब्रिज आए दिन सड़क हादसों को न्यौता देता है. यहां हर दिन सड़क हादसे का राहगीरों को शिकार होना पड़ रहा है।

## आजिविका दीदीयों एवं मनरेगा मजदूरों द्वारा रैली एवं शपथ के माध्यम से मतदान के लिये किया गया जागरूक

**बालाघाट।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और जिला स्वीप नोडल श्री डीएस रणदा के निर्देशन में जिले में मतदाता जागरूकता अंतर्गत विभिन्न आयोजन किये जा रहे है। इसी कड़ी में वारासिवनी जपं सीईओ सुश्री दीक्षा जैन के मार्गदर्शन में गुरुवार को स्वीप गतिविधि के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से ब्लाक स्तरीय स्वीप टीम, आजिविका मिशन के अधिकारी/कर्मचारी एवं शिक्षक की उपस्थिति में कार्य स्थल पर लगे मनरेगा मजदूरों ने मतदान की शपथ ली। वहीं अजिविका दीदीयों के द्वारा रंगोली डालकर, मेहंदी हाथों में सजाकर, गांव में रैली निकालकर नारे लगाते हुए भ्रमण किया गया। इस दौरान विख. स्तर टीम स्वीप नो. शैलेंद्र सिंह अडमें सहा.नो. अनुपमा तिवारी, दिव्या गणवीर एवं अनुसईया बिजेवार उपस्थित रहे।

### डेड लाईन खत्म होने के बाद भी आधा नहीं बन सका लांजी-सालेटेकरी मार्ग

## सुविधा तो मिली नहीं पर पहले से ज्यादा बढ़ गई परेशानी

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नगर के लांजी-सालेटेकरी मार्ग निर्माण को लेकर अब यहां व्यवसाय करने वाले व्यापारियों और रहवासियों का सब्र टूटता नजर आ रहा है। सड़क का निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार की डेड लाईन भी 31 मार्च को समाप्त हो चुकी है परंतु पूरी तरह सड़क बनना तो दूर सड़क का आधा निर्माण भी पूरा नहीं हुआ है। ऐसे में नगर परिषद की कार्यप्रणाली संदेह के घरे में आ गई है। नगर के लांजी-सालेटेकरी मार्ग पिछले दो महीनो से काफी तकलीफ भरा हो चुका है। 700 मीटर लंबी इस सड़क का निर्माण नगर के सुभाष चौक से लेकर शिशु मंदिर तक किया जाना है परंतु इंजीनियर और नगर परिषद के जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते यह मार्ग पिछले दो माह से जस का तस पड़ा हुआ है और व्यापारियों के साथ-साथ आमजनों को भी तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार नगर परिषद ने भोपाल के एक ठेकेदार को डिवाइडर मार्ग बनाने का ठेका दिया है। सडक़ निर्माण कार्य बहुत ही धीमी गति से किया जा रहा है। वहीं सडक़ खोदे दिए जाने से फुटकर व्यापारियों के साथ ही बड़े दुकानदारों की दुकानों तक भी ग्राहक नहीं पहुंच पा रहे हैं। व्यापारियों में काफी आक्रोश है। व्यापारियों का कहना है कि यदि इसी तरह चलता रहा तो उन्हें व्यापार बंद करना पड़ेगा और भूखे मरने की नौबत आ सकती है।

**अधूरा निर्माण और गढढ़ा बना लोगों के लिये मुसीबत :** सड़क का अधूरा निर्माण और ठेकेदार द्वारा खोदे गये गड्ढे से यहां से गुजरने वालो के लिए तकलीफ देह साबित हो रहा है। जिससे आये दिन वाहन चालकों के वाहन इस लंबे चौड़े गडढ़े में फंस कर क्षतिग्रस्त हो रहे है। वहीं रोड किनारे बैठकर व्यापार करने वाले व्यापारियों के लिये भी अधूरी सड़क से काफी परेशानी खड़ी हो रही है बीच रोड में बैठकर व्यवसाय किया नहीं जा सकता जिससे एक तरफ उनके लिये खाई तो दूसरी तरफ कुंआ साबित हो रहा है पीछे हटते है तो खोदे गये गड्ढे में गिरने का डर सामने आए तो वाहनों का डर। ऐसे में राहगीरों के साथ-साथ व्यापारियों और फुटकर व्यापारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि सडक़ की खोदाई की वजह से छोटे से कारोबार पर असर पड़ा है। वहीं जेसीबी के माध्यम से की जा रही खोदाई तथा मटेरियल के उठाव नहीं होने से ग्राहक दुकानों तक आना पसंद नहीं कर रहे हैं। लिहाजा आधा सैकड़ा से ज्यादा व्यापारी ग्राहक का इंतजार धूल खाते हुए करने के लिए मजबूर हैं। हालात इसी तरह रहे तो उक्त मार्ग के व्यापारियों के सामने पेट भरने का संकट पैदा हो सकता है।



**नगर परिषद के अधिकारियों को नहीं है चिंता:** वहीं इस संबंध मे जब नगर परिषद में पदस्थ इंजीनियर अमित नगपुरे से जानकारी चाही गई तो उनके द्वारा कॉल ही रिसिव नहीं किया जाता। उल्लेखनीय है की किसी भी नगर में विकास कार्यों का खाका तभी तैयार किया जाता है जब परिषद और पालिका में पदस्थ टेक्नीशियन और इंजीनियर इन कार्यों में अपनी रूचि दिखाते है और निर्माण कार्यों का समय-समय पर परीक्षण और निरीक्षण करते है परंतु नगर परिषद लांजी में पदस्थ इंजीनियर अमित नगपुरे को कार्यालय से निकलने से ही फुर्सत नहीं मिलती जिससे नगर में हो रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का भगवान ही मालिक है। साथ ही निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार अपनी मनमर्जी से अपने स्तरहीन कार्य को अंजाम देते है जिसका भुगतमान बाद में नगर की भोली-भाली जनता को भुगतना पड़ता है।

### इनका कहना है

दो दिन पूर्व ही इस मामले में मुझे व्यापारी संघ के अध्यक्ष ने अवगत कराया है। जिन्होंने अपनी परेशानी बताई है। संज्ञान में लेते हुए हम मार्ग से मलबा और दुकानदारों को हो रही परेशानी से निजात दिलाने का प्रयास कर रहे हैं।

**कन्हैयालाल टेकाम, प्रभारी सीएमओ**
**नगर परिषद लांजी**

## खबर संक्षेप

### जमीनी विवाद पर छोटे भाई ने बड़े भाई को लाठी मारकर किया घायल

हरिभूमि न्यूज सिवनी।बरघाट थाना अंतर्गत पिंडरईकला में छोटे भाई ने जमीनी विवाद पर बड़े भाई को लाठी मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि सुरेशचदं पटले (58) अपने पड़ोसी के यहां दूध देकर वापस लौट रहा था तभी उसका छोटा भाई गजानंद पटले मिला। उसने जमीनी विवाद करते हुए सुरेश को लाठी से पीट दिया। घायल सुरेश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपित पर धारा 294, 323, 506 का मामला दर्ज किया है।

# ट्रैक्टर ने पैदल चल रही दो महिलाओं को रौंदा, एक की मौत, एक गंभीर

**जिले के कान्हीवाड़ा थाना अंतर्गत खैरी रोड पर शुक्रवार सुबह 10 बजे एक ट्रैक्टर वाहन ने शासकीय कन्या हाई स्कूल के सामने सड़क पर पैदल चल रही दो महिलाओं को पीछे टक्कर मारते हुए रौंद दिया। घटना के बाद ड्राइवर ट्रैक्टर वाहन से कूदकर भाग गया, जिससे अनियंत्रित वाहन शासकीय कन्या हाईस्कूल की बाउंड्रीवाल में जा घुसा और दुर्घटनाग्रस्त हो गया।**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर की चपेट में आने से घायल महिलाओं को स्थानीय लोगों की मदद से संजीवनी 108 वाहन से जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया, जहां गंभीर घायल मीरा धुर्वे (55) कान्हीवाड़ा निवासी मौत हो गई। जबकि दूसरी घायल महिला प्रभा उइके (35) की हालत नाजुक बताई गई है, जिसे बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज नागपुर रेफर कर दिया गया है। मौके से फरार ट्रैक्टर ड्राइवर की कान्हीवाड़ा पुलिस तलाश कर रही है। कान्हीवाड़ा थाना प्रभारी कृपाल सिंह तेकाम ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर कान्हीवाड़ा गांव निवासी हरवंश साहू का है, जिसे शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे ड्राइवर लेकर खैरी रोड़ की ओर जा रहा था। इसी दरम्यान कन्या हाई स्कूल के सामने सड़क पर पैदल चल रही दो महिलाओं मीरा धुर्वे और प्रभा उइके को रौंद दिया और अनियंत्रित होकर स्कूल की बाउंड्रीवाल में जा घुसा। जिससे स्कूल की बाउंड्रीवाल क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि इस दौरान ट्रैक्टर वाहन की चपेट में कोई स्कूली विद्यार्थी नहीं आया, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक वाहन को सड़क पर लहराते हुए लापरवाहीपूर्वक चला रहा था।

# हत्या में शामिल दो गिरफ्तार अन्य दो की तलाश जारी

### पुरानी रंजिश पर डंडे व लोहे की राड से पीट-पीटकर बखारी बस स्टैंड में दिया था वारदात को अंजाम

**बंडोल थाना अंतर्गत बखारी बस स्टैंड में बांस के डंडे और लोहे की राड से पीट-पीटकर युवक की हत्या के दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं प्रकरण में शामिल फरार अन्य दो आरोपितों की तलाश जारी है। पूछताछ में आरोपितों ने पुरानी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है।**

**पुलिस के अनुसार 3 अप्रैल की सुबह बखारी गांव निवासी विकास उर्फ विक्की पुत्र मुन्नालाल हंस (32) का शव बस स्टैंड रामगढ़ चौक बखारी में पड़ा होने की सूचना मिली थी। इस पर बंडोल थाना प्रभारी राजेश कुमार दुबे बल के साथ मौके पर पहुंचे।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मौके तस्दीक के दौरान शव के पास बांस का डंडा और लोहे की राड़ पाई गई। वहीं मृतक विक्की के दोनों पैरों तथा सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए। मृतक के शरीर के कपड़े पूरी तरह धूल से सने हुए थे जिससे पता चला कि मारपीट के दौरान मृतक से आरोपितों का संघर्ष हुआ था।

पुलिस के अनुसार उपस्थित ग्रामीणों ने इसकी पुष्टि की गई। मौके पर पंचनामा कार्रवाई के बाद गवाहों से पूछताछ में पता चला कि गांव के चार लोगों ने 2-3 अप्रैल की रात करीब 11 बजे पुरानी रंजिश के चलते विक्की से विवाद कर मारपीट की थी। मौके पर सिवनी


बस स्टैंड में मिला युवक का शव, पुलिस जुटी जांच मे

एसडीओपी पूजा पांडे की उपस्थिति में फरार आरोपितों की खोजबीन शुरू कर दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए हत्या में शामिल आरोपितों की धरपकड़ करने तत्काल पुलिस टीम को रवाना किया गया।

पुलिस ने वारदात में शामिल दो आरोपितों जित्तु उर्फ जितेंद्र पुत्र थुन्नू भारती (27) और वीरन पुत्र सामू यादव (27) दोनों बखारी निवासी को छपारा हाईवे के पास से गिरफ्तार किया है। प्रकरण में शामिल फरार अन्य दो आरोपितों बंटू उर्फ जल्लाद पुत्र अन्नीलाल नामदेव (30) व जाबिर पुत्र मंसूर खान (25) दोनों निवासी बखारी की तलाश जारी है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ के दौरान आरोपितों के कब्जे से वारदात में उपयोग सामग्री को जब्त किया है। दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपितों ने बताया है कि मृतक से उनकी गहरी मित्रता थी, इसके बावजूद मृतक विक्की छोटी-छोटी बात पर हमेशा विवाद कर अन्य मित्रों पर हावी होने का प्रयास करता था। इसी बात को लेकर सभी दोस्तों ने एकराय होकर विक्की से मारपीट कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई।



पुलिस मामले में विस्तृत जांच कर रही है। आरोपितों को गिरफतार करने में बंडोल थाना प्रभारी राजेश कुमार दुबे, एएसआई मायाराम धुर्वे, अशोक सेन, जसवंत सिंह ठाकुर, राजेन्द्र नागवंशी, प्रधान आरक्षक अवधेश बघेल, नौसाद खैरो, आरक्षक सतीश पाल, राजेश सरयाम, जितेन्द्र रंगारे, सतेन्द्र चंद्रवंशी, नीरज राजपूत, सैनिक नारायण डेहरिया, दशाराम भलावी शामिल रहे।

# तीन कारों से जब्त हुए 51 किलो चांदी, 89 ग्राम सोने के जेवरात

### किंदरई पुलिस ने एफएसटी टीम के साथ की कार्रवाई

**आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद जिले के विभिन्न स्थानों पर चैकपोस्ट बनाकर वाहनों की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है। जांच के दौरान किंदरई पुलिस ने एफएसटी टीम के साथ सुकना गांव के पास तीन कारों से 51 किलो चांदी और 89 ग्राम सोने के जेवरात के अलावा 86 हजार रुपये नकद जब्त किए है।जब्त सोने-चांदी के जेवरात और नकदी रुपये को जिला कोषालय कार्यालय में जमा करा दिया गया है। जांच के बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

किंदरई थाना प्रभारी जीएस राजपूत ने बताया है कि केदारपुर के पास सुकना गांव में एफएसटी टीम घंसौर व किंदरई थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान तीन कारों की तलाशी ली। इसमें सोने-चांदी का व्यापार करने वाले झुरकी गांव निवासी सुशील सोनी, घंसौर निवासी सतीश सोनी और नैनपुर निवासी महेंद्र सोनी की कारों से 86 हजार रुपये नकद, 51 किलो चांदी, 89 ग्राम सोना मिला। जांच के दौरान मौके पर तीनों कार सवार नकदी और सोना-चांदी के बिल व अन्य प्रमाण नहीं दे पाए।इस पर



टीम ने जब्ती की कार्रवाई की। जांच में कार के दस्तावेज सही पाए जाने पर उसकी जब्ती नहीं बनाई गई।

किंदरई थाना प्रभारी के अनुसार प्रारंभिक जांच के बाद जब्त सोना-चांदी और नकदी रुपये को जिला कोषालय में जमा करा दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के दौरान जीएसटी चोरी के संदेह पर भी पड़ताल की जाएगी। साथ ही ज्वेलर्स के गिरवी रजिस्टर की जांच भी की जाएगी। उन्होंने बताया है कि चुनाव तक वाहनों की सूक्ष्म जांच जारी रहेगी।



### बकरी की मौत के बाद पड़ोसी को भाइयों ने पीटा

**सिवनी।** डूंडासिवनी थाना अंतर्गत बोरदई गांव में बकरी मरने की घटना को लेकर दो भाइयों ने पड़ोसी को पीट दिया। पुलिस ने बताया कि बोरदई निवासी अब्दुल जहीर खान को उसके पड़ोसी शाहरूख खान और उसके भाई बाबू खान ने यह कहते हुए विवाद किया कि घास में कीटनाशक डालने से उनकी बकरी मर गई है। जहीर को दोनों ने गालियां देना शुरु किया और जब जहीर ने विरोध किया तो शाहरूख और बाबू ने मारपीट कर दिए। यहां तक की उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत पर दोनो भाइयों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 भादंवि का मामला दर्ज किया है।

### दो लोगों ने मिलकर महिला को पीट

बंडोल में एक महिला को दो लोगों ने मिलकर पीट दिया। पुलिस ने बताया कि महिला अपने घर के सामने रोड़ किनारे पौधे लगा रही थी। तभी गांव के रहने वाले अविनाश राय व अमित कुर्मी ने उसे पौधे लगाने से मना किया और पौधों को उखाड़ दिया। जब महिला ने विरोध किया तो उसे दोनों ने मिलकर पीट दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# 20 अप्रेल तक घोषित हो जाएगा 10वीं-12वीं का रिजल्ट, मोबाइल पर आएगा एसएमएस

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

एमपी बोर्ड की परीक्षाओं के रिजल्ट MP Board Exam Result 2024 अप्रेल के दूसरे सप्ताह में कभी भी घोषित किया जा सकता है। बोर्ड स्टूडेंट एमपी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट mpbse.nic.in पर अपना रिजल्ट देख सकते हैं। इतना ही नहीं, मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से भी स्टूडेंट अपना रिजल्ट पता कर सकते हैं।

### 20 अप्रैल तक घोषित किए जाने की बात कही

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार बोर्ड एग्जाम के रिजल्ट जल्द घोषित करने के लिए कवायद की जा रही है। अधिकारियों द्वारा बोर्ड परीक्षाओं 10 वीं और 12 वीं का रिजल्ट 20 अप्रैल तक घोषित किए जाने की बात कही जा रही है।

**बोर्ड की 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा देनेवाले स्टूडेंट के लिए अच्छी खबर सामने आई है। इन बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल यानि एमपी बोर्ड जल्द ही इन परीक्षाओं के रिजल्ट घोषित करने की तैयारी में लगा है। बोर्ड अधिकारियों के अनुसार 10 वीं और 12 वीं के परीक्षा परिणाम 20 अप्रेल तक घोषित कर दिए जाएंगे।**

### फरवरी-मार्च में हुईं थी परीक्षाएं

लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए इस बार एमपीबीएसई की परीक्षाएं फरवरी मार्च 2024 में हो गई थीं। 10वीं की परीक्षा 5 से 28 फरवरी तक और 12वीं की परीक्षाएं 6 फरवरी से शुरु होकर 5 मार्च तक ली गई थीं। इस बार दोनों परीक्षाओं में 17 लाख से ज्यादा स्टूडेंट शामिल हुए थे।

### ऐसे चेक कर सकेंगे रिजल्ट

एमपी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट mpresults.nic.in पर जाना होगा।
mpresults.nic.in पर होमपेज पर मध्यप्रदेश बोर्ड रिजल्ट 2024 लिंक पर क्लिक करना होगा।
इस लिंक पर क्लिक करने के बाद 10वीं या 12वीं की रिजल्ट लिंक चुनना होगा।

इसके बाद स्टूडेंट को अपना रजिस्ट्रेशन नंबर और रोल नंबर डालना होगा, इसके बाद सबमिट पर क्लिक करना होगा। सबमिट करते ही रिजल्ट स्क्रीन पर प्रदर्शित हो जाएगा। इस रिजल्ट को डाउनलोड कर प्रिंटआउट भी निकाला जा सकेगा।

### एसएमएस SMS से रिजल्ट की सुविधा

एमपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं परीक्षा का रिजल्ट मोबाइल पर SMS के रूप में देखा जा सकेगा। इसके लिए 10 वीं वालों को MPBSE10 space Roll Number टाइप करना होगा। 12 वीं वालों को MPBSE12 (space) Roll Number टाइप करना होगा। इस एसएमएस को 56263 पर भेजना होगा। कुछ ही देर में मोबाइल पर रिजल्ट का एसएमएस आ जाएगा।

### कलेक्टर ने अशासकीय विद्यालयों के संचालकों की बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# शैक्षणिक सामग्रियों के किसी दुकान विशेष से क्रय करने, नियम विरुद्ध फीस बढ़ाने संबंधी प्राप्त शिकायत पर संबंधित स्कूल के विरुद्ध होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

**कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्ष में अशासकीय विद्यालयों के संचालकों की बैठक जिला पंचायत कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्री नवजीवन विजय, जिला शिक्षा अधिकारी एस एस कुमरे सहित अशासकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की उपस्थिति रही।बैठक में कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा उपस्थित अशासकीय शालाओं के संचालकों को मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी स्कूल संचालन संबंधी दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया।**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर श्री सिंघल एवं सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय द्वारा विद्यार्थियों, पालकों एवं समाचार पत्रों के माध्यम से मिल रही विभिन्न प्रकार की शिकायतों के संदर्भ में स्कूल संचालकों से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

उन्होंने विद्यालय प्रबंधकों को निर्देशित किया कि उनके स्कूलों में उपयोग में लाई जाने वाली पुस्तकों एवं गणवेश सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री की उपलब्धता सुगमता से सभी दुकानों सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक सामग्रियों के किसी दुकान विशेष से क्रय करने, अनाधिकृत एवं नियम विरुद्ध फीस बढ़ाने या शुल्क लेने संबंधी प्राप्त शिकायत पर संबंधित स्कूल के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसी तरह उन्होंने स्कूल द्वारा लिये जाने वाले सभी प्रकार के शुल्क, यूनीफार्म, पाठ्य पुस्तकों की जानकारी स्कूल के सूचना पटल / बेवसाईट आदि पर सार्वजनिक करने, कक्षावार स्कूल बैग पॉलिसी (वजन कम रखने) का पालन करने, कक्षाओं में प्रवेश हेतु आयु सीमा का निर्धारण, पालकों की शिकायतों के निराकरण हेतु समितियों का गठन करने, संस्था स्तर पर पालक शिक्षक संघ का गठन कर प्रतिमाह बैठक आयोजित करने, अंकसूची / टी.सी.जारी करने में विलंब न करने (सुनिश्चित किया जावें कि किसी भी स्थिति में अध्ययनरत छात्र-छात्रा इन्हें लेकर प्रताडित न हो), स्कूल में आवागमन हेतु उपयोग होने वाली बस/ ऑटो/ मिनी बस की फिटनेस, यातायात संबंधी निर्देशों का पालन करने, शिक्षा पोर्टल पर समग्र छात्रवृत्ति अंतर्गत प्रोफाईल अपडेशन करने तथा समय पर क्रीडा शुल्क अंशदान की राशि जमा करने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री सिंघल ने शालाओं में अनिवार्य रूप से शिकायत पेटी लगाने के निर्देश दिए तथा प्राप्त शिकायतों का रिकार्ड भी संधारित कर प्रति सप्ताह शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने तथा स्कूल प्रबंधन द्वारा लिये जाने वाले निर्णयों को पीटीए की सहमति उपरांत अनुमोदित करने के निर्देश दिए।

# अधिकतम मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगातार जारी मतदाता जागरूकता गतिविधियां

**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप प्रभारी श्री नवजीवन पंवार निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत आगामी 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में अधिकतम मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियां लगातार जारी है। जिले में समाज के हर वर्ग के मतदाता को जोडने के लिए विभिन्न विभागों के विविध गतिविधियां सतत आयोजित की जा रही है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

इसी क्रम में आबकारी विभाग द्वारा ग्राम लोहारा एवं भुरकलखापा में सभी ग्रामवासियों तथा आमजनों एवं श्रमिकों एवं स्टॉफ को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही बिना प्रलोभन के अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। श्रमिकों को मतदान दिवस के लिए संवैतनिक अवकाश की सुविधा के बारे में अवगत कराते हुए सभी से अनिवार्य रूप से आगामी 19 अप्रैल को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की गई। इसी क्रम में आंगनवाडी कार्यकर्ता, आशाकार्यकर्ता तथा स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षकों के मार्गदर्शन में स्थानीय मतदाताओं के घर-घर जाकर आगामी 19 अप्रैल 2024 को मतदान करने की अपील की जा रही है। वहीं नवमतदाताओं को जोडने के लिए खेल गतिविधियों जैसे रंगोली, मेंहदी प्रतियोगिता, निबंध, वाद-विवाद का आयोजन लगातार जारी है।

### ईव्हीएम कमिश्निंग कार्यों को कलेक्टर श्री सिंघल ने किया अवलोकन

लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत आगामी 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर शुक्रवार 05 अप्रैल से कमिश्निंग दल एवं सेक्टर अधिकारियों को ईव्हीएम कमिश्निंग कार्यों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पॉलिटेक्निक में आयोजित कमिश्निंग ट्रेनिंग का श्री क्षितिज सिंघल ने निरीक्षण कर निर्देशित किया कि सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने कार्यों एवं दायित्वों को अच्छी तरह समझे ताकि उकने द्वारा संपादित किए जाने वाले निर्वाचन कार्यों में किसी भी प्रकार की भूल की संभावना न रहे। कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा सेक्टर अधिकारियों को भी कमिश्निंग कार्यों का प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए ताकि वहां ईव्हीएम मशीन की कार्यप्रणाली से अवगत हों पाये। निरीक्षण के दौरान ईव्हीएम प्रभारी सुश्री सुनीता खण्डायत उपस्थित थीं।

### वन अमला आग बुझाने में जुटा, पहली बार नपा के दमकल वाहन का उपयोग

## गांगुलपारा की पहाड़ी में लगी आग!



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

गर्मी के मौसम में अक्सर, जंगलो में आग लगने की घटनाएं होती रहती हैं। इससे वनसंपदाओं का नुकसान होता है। जिले के गांगुलपारा की पहाड़ी में बीते दो दिनों से आग लगी है। आग लगभग 10 से 12 हेक्टेयर तक फैल गई है।

आग बुझाने के लिए मुख्य वनसंरक्षक सेंगर और वनमंडलाधिकारी के निर्देशन पर एसडीओ और परिक्षेत्र अधिकारी धर्मेन्द्र बिसेन, अमले के साथ मैदान में तैनात है। बड़ी क्षेत्र में लगी आग को बुझाने के लिए पहली बार नगरपालिका के दमकल वाहन की भी मदद ली जा रही है। वन परिक्षेत्र अधिकारी धर्मेन्द्र बिसेन ने बताया कि गांगुलपारा पहाड़ी पर आग 4 अप्रैल से लगी है। इसकी जानकारी के बाद वन अमले और फायर वाहन की मदद से आग पर काबू करने का प्रयास किया जा रहा है। जंगल में लगी आग की वजह से सड़कों पर आवागमन प्रभावति हो सकता है। इसके चलते आग पर काबू पाने के लिए विभागीय अमले सहित फायर वाहन की मदद ली गई है। आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है।

## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग हर शिकायत को तत्परता से लें : पेयजल के लिए कंट्रोल रूम पर आने वाली शिकायतों को सामान्य न माने



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या में निराकरण के लिए लोक स्वास्थ्य विभाग, नगरीय निकाय और ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने लोक स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि पेयजल की समस्याओं के निराकरण के लिए विभिन्न कंट्रोल स्थापित किये गए है। किसी भी कंट्रोल रूम पर आने वाली समस्या/शिकायत को त्वरित सीरियसली लेंगे। साथ ही समस्या निवारण के लिए तत्काल प्रयास प्रारम्भ किये जायें। इसके अलावा फील्ड से तहसीलदार, सीएमओ या सीईओ आदि से कोई भी सूचना पेयजल से जुड़ी है। उस पर सक्रियता से कार्य करेंगे। कलेक्टर डॉ. मिश्रा यह भी निर्देश दिए कि किसी क्षेत्र में जल स्त्रोत सुख रहे है तो राइजिंग पाइप डालकर समस्याओं का निराकरण करें। यदि कही निजी ट्यूबवेल या कुंआ अधिग्रहण करना है तो प्रस्ताव भेजें। वहीं किसी क्षेत्र में जल परिवहन किया जा रहा है तो उस क्षेत्र का भौतिक सत्यापन आवश्यक रूप से कर लेंवे। बिजली की समस्या के कारण कही भी पेयजल वितरण का कार्य प्रभावित नही हो यह सुनिश्चित किया जाए। जलकर वसूली आवश्यक है लेकिन नल कनेक्शन कांटे न जाये। कलेक्टर डॉ. मिश्रा में कुछ गाँवो में पेयजल की समस्या के सम्बंध में जानकारी भी ली। सम्बंधित सीईओ ने बताया कि स्थानीय स्तर समस्या का समाधान किया जा चुका है। जल स्त्रोत सुख रहे है तो बोरिंग मशीन ले जाकर खुदाई या कुँवा गहरीकरण आदि के कार्य प्रारम्भ करें। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बीएल उइके, बालाघाट नपा सीएमओ श्री निशांत श्रीवास्तव सहित समस्त सीईओ व सीएमओ मौजूद रहे।

**सार्वजनिक स्त्रोत में क्लोरीन डाला जाये:** बैठक के दौरान जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा ने सभी सीईओ व सीएमओ से कहा कि जिले के सभी सार्वजनिक पेयजल स्त्रोतों में आवश्यक रूप से क्लोरीन का उपयोग किया जाए। लोक स्वास्थ्य विभाग इसकी भी चिंता आवश्यक रूप से करें।

### मनरेगा मजदूर भी जगा रहे है मतदाता जागरूकता अलख

**बालाघाट।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता अभियान हर गांव, गलियों, मोहल्ले व खेतों, नगर हाट बाजार तक पहुँच गया है। मतदाता जागरूकता के लिए मनरेगा मजदूरों द्वारा भी 19 अप्रैल को मतदान करने का अलख जगाया जा रहा है। बालाघाट जनपद के प्रतापपुर व हरदौली में किये जा रहे है कार्यो के दौरान मनरेगा मजदूरों ने मतदान का आव्हान किया है।

## बुजुर्ग ने घर में लगाई फांसी : लगातार दूसरे दिन आत्महत्या की घटना



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में लगातार दूसरे दिन फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। इस बार बाघ कॉलोनी निवासी 57 वर्षीय बुजुर्ग सुरेन्द्र पिता मोतीलाल मिश्रा का शव घर में फांसी पर लटका मिला। बुजुर्ग के आत्महत्या करने की वजह स्पष्ट नहीं है। 4 अप्रैल को बुढ़ी स्थित एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। सिंचाई विभाग में कार्यरत सुरेन्द्र मिश्रा अपनी पत्नी के साथ बाघ कॉलोनी में रहते थे। शुक्रवार दोपहर उनकी पत्नी बालाघाट पोस्ट ऑफिस बैंक खाते के काम से गई थी। जबकि सुरेन्द्र मिश्रा घर में अकेले थे। वह दोपहर लगभग 2.30 बजे घर पहुंची तो देखा कि पति घर में फांसी मे लटके है। इसकी जानकारी उन्होंने पड़ोसियों को दी। इसके बाद सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी के बाद कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद पंचनामा कार्रवाई कर शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस का कहना है कि जांच और पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत को लेकर कुछ कहा जा सकता है।

### सोशल मीडिया में वायरल वीडियो के सम्बंध में एआरओ ने स्टेशन मास्टर से मांगी जानकारी

**बालाघाट।** बालाघाट में ट्रैन के आने-जाने सम्बंध में गुरुवार-शुक्रवार को वायरल हुए वीडियो की जानकारी के लिए बालाघाट एआरओ श्री गोपाल सोनी ने बालाघाट रेलवे स्टेशन मास्टर से जानकारी मांगी है। एआरओ श्री सोनी ने बताया कि सोशल मीडिया में वायरल वीडियो के बाद स्थानीय न्यूज़ चैनल्स में खबरें प्रकाशित होने की जानकारी मिली है। इसकी लिखित में जानकारी के लिए पत्र लिखा गया है। जानकारी प्राप्त होने के बाद इस पर कार्यवाही की जाएगी।

## वृद्ध पर किया बाघ ने हमला : घायल का अस्पताल में चल रहा उपचार, वन अधिकारी भी देखने पहुंचे



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में बहुतायात मात्रा में टाइगर अब रहवासी क्षेत्र की ओर आने लगा है, जिससे चिंता और खौफ दोनों बना है। ताजा मामला जिले के कटंगझरी का, जहां खेत में मवेशी चराने गए 63 वर्षीय ध्यानसिंह उईके पर टाइगर ने हमला दिया। जिसमें गंभीर रूप से घायल वृद्ध ध्यानसिंह उईके को देर शाम जिला चिकित्सालय में लाकर भर्ती कराया गया है। ग्रामीण अमरसिंह ने बताया कि दोपहर लगभग 12 बजे ध्यानसिंह, घर के मवेशी को लेकर खेत की ओर चराने गया था। जहां से वह मवेशियों को नहलाने ले जा रहा था, कि पड़ोसी के खेत के पास, उस पर बाघ ने हमला कर दिया। जिससे उनके दांए गाल की ओर गंभीर चोट के निशान है। ग्रामीण अमरसिंह ने बताया कि यह तो तय नहीं है कि टाइगर ने कब हमला किया लेकिन बाघ के हमले से ध्यानसिंह बेहोश गया है। जब उसे होश आया तो उसने इसकी सूचना अपने लड़के को दी। जिसके बाद लड़के ने ग्रामीणों की मदद से उन्हें निजी वाहन से जिला चिकित्सालय लाया। घटना की जानकारी के बाद वन अधिकारी भी घायल को देखने पहुंचे थे। फिलहाल घायल का जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है।

### बीयू वर्सेस सीयू और डाक मत पत्र वर्सेस चलित मतदान टीमों ने लिया हिस्सा

## मतदाता जागरूकता के लिए अनूठे ढंग में हुआ क्रिकेट मैच का आयोजन

### महिला क्रिकेट आयोजन में मतदाताओं को प्रेरित करने वाली शब्दावली का उपयोग



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा के निर्देशन में शुक्रवार को मतदाता जागरूकता के लिए अनूठे क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। 5-5 ओवर के इस टूर्नामेंट का नाम रेडी टू 19 अप्रैल रखा गया। जिसमें महिलाओं ने मतदान का संदेश देते हुए मतदाताओं को आकर्षित किया। इस एकदिवसीय टूर्नामेंट का कलेक्टर व डीईओ डॉ. मिश्रा स्वीप नोडल अधिकारी श्री रणदा और एएसपी श्री विजय डावर ने गेंद और बल्ले से खेल दिखाकर शुभारम्भ किया। शाम करीब 5 बजे प्रारम्भ हुए इस क्रिकेट मैच का पहला मुकाबला सीयू (एनआरएलएम) और बीयू (महिला बाल विकस) के बीच खेला गया। सीयू ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और 5 ओवर में 28 रन (वोट) बनाएं। बीयू को जीत के लिए अंतिम बॉल पर 5 वोट (रन) बनाने थे। लेकिन बना नही सकी।

दूसरा मैच डाक मत पत्र( खेल विभाग) और चलित मतदान ( जन अभियान परिषद) के बीच खेला गया। टॉस डाक मत पत्र ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 5 ओवर में 75 रन बनाए। जबकि चलित मतदान दल 30 वोट( रन) बनाकर ऑलआउट हो गई। तीसरा मैच वीवीपेट (एनआरएलएम वारासिवनी) व स्वीप( खेल विभाग-2) के बीच प्रारम्भ हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्वीप टीम ने 5 ओवर में 40 वोट बनाए। वहीं वीवीपेट(एनआरएलएम वारासिवनी) 5 ओवर में 5 वोट ही बना सकीं।

हर मतदाता तक इस आयोजन से जानकारी पहुँचे इसके लिए निर्वाचन में काम मे लायी जाने वाली शब्दावली का ही इस मैच मैच में भी उपयोग किया गया। जैसे- टीमों के नाम बीयू, सीयू, डाक मत पत्र, चलित मतदान, रन के लिए वोट ,स्कोर बोर्ड सुविधा एप्प और थर्ड अंपायर सी-विजिल व इनकोर जैंसे कई नाम का उपयोग किया गया।

### सरेखा-2 के अंतर्गत 11 केव्ही फीडरों पर किये जायेंगे सुधार कार्य

## 5 अप्रैल से 15 अप्रैल तक ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मप्र विद्युत वितरण कंपनी से प्राप्त जानकारी अनुसार बालाघाट शहर वितरण केंद्र सरेखा-2 के अंतर्गत 11 केव्ही फीडरों पर रखरखाव व सुधार कार्य किया जाएगा। साथ ही बालाघाट संभाग के सरेखा-एक विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले 11केव्ही फीडरों पर मानसून पश्चात अत्यावश्यक रखरखाव दृष्टि से संबंधित क्षेत्रो में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी ।जिसके अंतर्गत 5 अप्रैल को फीडर मेहगांव ए.जी के धपेरा, मोहगांव, खोंगाटोला, मुर्झड़, कौडिया में, 6 अप्रैल फीडर धपेरा डी.एल के माँझापुर, कनकी, बेहरइ, लवादा, छतेरा, बिरसोला, 7 अप्रैल फीडर गर्रा ओल्ड के गर्रा, 8 अप्रैल फीडर रोषना डी. एल के रोषना, समनापुर, घोंडगाटोला, हिर्मुटोला, कछुरना, कटेगाओं, केवाटोला, मगरदर्रा, मानपुर, नेवरगाव, सिटकुटोला, ठाकुरटोला, टिटवा, टूमडीटोला, 9 अप्रैल फीडर बिरसोला ए. जी के मेहगांव, खोंगटोला, सालई और 10 व 11 अप्रैल को फीडर मेहगांव डी. एल के धपेरा, मोहगांव, सालई, कौडिया, मुर्झड़ व मंझारा पायली डी. एल के समनापुर, आमगांव, विसरामपुर, पंचेरा, कौड़यिटोला, सोनपुरी, बिलदारटोला, दुगलई, नारूटोला, टेकडी, ओरमा, डोंगरबोडी, मगरदर्रा, खारा, कोकमा, कुर्थीटोला, पोलबतुर, तल्लाबोडी, छिंदीटोला तक विद्युत सप्लाई प्रातः 8 बजे से 2 बजे बंद रहेगी।

वहीं सरेखा-1 वितरण केंद्र अंतर्गत आने वाले केव्ही फीडरों में अत्यावश्यक सुधार कार्य के मद्देनजर 13 अप्रैल को उपकेंद्र 132/33 केव्ही अंतर्गत 11 केव्ही फीडर भरवेली के सरस्वती नगर, सरेखा, कोसमी, बघोली एवं 11 केव्ही भरवेली फीडर से संबंधित समस्त ग्राम तथा 14 व 15 अप्रैल को फीडर 11 केव्ही फीडर लिंगा के कोसमी, बगदरा, नवेगांव, गोंगलई, चिचगाओं, भमोडी एवं 11 केव्ही 2 फीडर लिंगा से संबंधित समस्त ग्रामो में सुबह 8 बजे से लगभग 2 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेंगी। आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

### गांव पारा खेत खलिहान, सब कहते करो मतदान

**बालाघाट।** शासकीय महाविद्यालय लांजी एनएसएस ईकाई एव ईएलसी क्लब द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नोडल अधिकारी श्रीमती कांता वर्मा के संयोजन व प्राचार्य प्रो आरआर सोनवाने के संरक्षण में वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेंगे हम थीम पर शत प्रतिशत मतदान करने के लिये स्वयं सेवकों द्वारा शपथ, रैली, मतदाता हस्ताक्षर अभियान एवं दीवार पर पेंटिंग कर वार्ड न.1 व 2 में जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से लेकेश, कल्पना, मुस्कान शुक्ला, जेबा मिर्जा द्वारा वॉल पेंटिंग के माध्यम से वार्ड वासियों से मतदान केंद्र पर 19 अप्रैल को जाकर निष्पक्ष मतदान करने की अपील की।

### नगरीय विकास एवं आवास विभाग का दावा कोई किश्त बाकी नहीं

## 5 साल से पीएम आवास की तीसरी किश्त का इंतजार



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

भारत सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत 25 जून 2015 को की थी. इस योजना को आरंभ करने का मकसद था कि देश के हर गरीब को पक्की छत और अपना मकान बनाने के लिए सरकार की तरफ आर्थिक मदद दी जाए. मगर, नगर परिषद कटंगी में पीएम आवास योजना शहरी के गरीब हितग्राहियों को इस योजना ने कर्ज में डूबो दिया है. करीब 100 से अधिक हितग्राहियों को लगभग 06 सालों से तीसरी किश्त नहीं मिल पाई है. हितग्राही तीसरी किश्त के लिए कई बार नगर परिषद कार्यालय के चक्कर काट चुके है. जहां हितग्राहियों को बताया जाता है कि सरकार की तरफ से राशि नहीं आई है. वहीं भोपाल नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अधिकारी जे.के.जैन से दूरभाष से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि डीपीआर के आधार पर सारी राशि नगर परिषद को भेज दी गई है. वहीं नगर परिषद के उपयंत्री राजेश चौकसे हितग्राहियों को बताते है कि सरकार की तरफ से राशि नहीं आई है. अब इन दोनों में हितग्राहियों से झूठ कौन बोल रहा है यह कहना मुश्किल है. फिलहाल तो इतना जान लीजिए कि कटंगी में जिन 100 से अधिक हितग्राहियों को वर्ष 2018-19 में आवास योजना का लाभ मिला था. उन्हें आज तक तीसरी किश्त नहीं मिली है. इन हितग्राहियों ने तीसरी किश्त मिलने पर पैसा चुकाने की बात कहकर बाजार से उधारी में सामान और अपने नाते-रिश्तेदारों से पैसा उधार लेकर आवास निर्माण तो पूरा कर लिया है लेकिन अब पैसा चुकाने में इनके पसीने छुट रहे है. वहीं उधार पैसों का ब्याज दिन-ब-दिन बढ़ते ही जा रहा है।

#### चुनाव में हो रहा गुणगान और हकीकत

अभी लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए प्रचार-प्रसार का दौर चल रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर भाजपा पार्टी के तमाम नेता प्रधानमंत्री आवास योजना का जमकर गुणगान कर रहे है. यहां कटंगी में भाजपा के हितग्राही यह बताते हुए नहीं थक रहे है कि हितग्राहियों को पीएम आवास योजना का लाभ देकर पक्का मकान दिया गया है. मगर, भाजपा के यह नेता उन हितग्राहियों के पास नहीं जा रहे है. जिन्हें नगर परिषद ने 06 सालों से तीसरी किश्त नहीं दी है. नगर के वार्ड क्रमांक 11 निवासी और हितग्राही ललिता नागेश्वर, मो. अकील शेख, शकील शेख, रफीक खान, कृष्णा वाघाड़े, मुन्नीबाई नारबोदे, संतोष मानेश्वर, रामबती बाई चौधरी बताती है कि कई बार तीसरी किश्त के लिए नगर परिषद के चक्कर काट चुकी है लेकिन सिर्फ आश्वासन मिल रहा है. इनमें से कुछ हितग्राहियों ने बताया कि इनसे आवास योजना का लाभ दिलाते वक्त 10 हजार रुपए की मांग नगर परिषद के कर्मचारियों ने की थी. हालांकि इन हितग्राहियों ने किसी को पैसा नहीं दिया. जिस कारण उन्हें पहली और दूसरी किश्त भी समय पर नहीं दी गई और अब करीब 06 सालों से तीसरी किश्त का हितग्राही इंतजार कर रहे है. यह हाल अकेले वार्ड क्रमांक 11 का नहीं बल्कि नगर के लगभग सभी 15 वार्डों का है।

### सम्राट सिंह सरस्वार ने ग्राम कनकी-आरंभा-भरवेली में कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक, कार्यकर्ताओं में भरा जोश

## भाजपा झूठे वादे कर वोट बटोरने का कर रही कार्य : सम्राट सिंह सरस्वार

### भरवेली में दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की ली सदस्यता





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सिवनी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार को भारी मतों से विजय बनाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने कमर कस ली है। बैठकों को दौर जारी है। जिससे कार्यकर्ताओ में जोश भरा जा रहा है । जिससे प्रभावित होकर ग्राम भरवेली के दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। वही ग्राम कनकी, आरंभा और भरवेली में बैठक कर भाजपा के कारनामों की पोल खालते हुए जनआर्शिवाद मांगा। बालाघाट विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम कनकी व आरंभा में शुक्रवार ५ अप्रैल को सम्राट सिंह सरस्वार की उपस्थिति में बैठक कर पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए रणनीति तैयार की गई। इस दौरान ग्राम कनकी में मुख्य रूप से ग्राम सरपंच दुर्गा पगरवार ,लखन कातूरे, संतु मंडलेकर, बाबुलाल वरकड़े, नारायण दशरिए ,कंचन तुमसरे ,कोमल नगपुरे ,दिलीप बांधे ,मितारम भोयार ,गुन्नीलाल पिछोड़े, नोरेंद्र नाथ योगेश नोनहारकर सहित सभी कार्यकर्ता रहे उपस्थित।

#### लोगों का पलायन रोकना पहली प्राथमिकता- सरस्वार

आरंभा में शुक्रवार 5 अप्रैल को सम्राट सिंह सरस्वार कार्यकर्ताओं की बैठक ली और कहा कि भाजपा सरकार के सांसद 10 वर्षो इस बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र में राज कर रहे है लेकिन किसी भी सांसद ने जिले में कोई उद्योग या अन्य मुद्रों पर ध्यान नही दिया गया है जिससे जिले में बेराजगारी बढ़ गई है और आज भी लोगो का अन्य राज्यों में पलायन जारी है। जिसे रोकना में पहली प्राथमिकता होगी। जिसके लिये मै केन्द्र से बड़े उद्योग लाने का प्रयास करूंगा। ताकि हमारे बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके। जो आज तक भाजपा के किसी भी सांसद ने नही किया है।श्री सरस्वार ने आगे कहा कि भाजपा सरकार ने जिला पंचायत, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत को पूरी तरह से खत्म कर दिया है जिससे ग्रामों का विकास कार्य नही के बराबर हो रहा है। जबकि जिले से लगा महाराष्ट्र के सभी पंचायतों में ऐसा नही है वहां की पंचायत को बहुत ज्यादा महत्व दिया जाता है और सभी कामकाज जोरो से शुरू है लेकिन मध्यप्रदेश में पंचायत खत्म हो गई है। दिग्विजय सिंह की सरकार ने जो पंचायत को अधिकार दिये थे वही अधिकार वापस लाने के लिये मेरे द्वारा लड़ाई लड़ी जायेगी। जिस तरिके से अन्य राज्यों में पंचायत का विकास कार्य हो रहा है वही विकास कार्य मध्यप्रदेश में भी हो। श्री सरस्वार ने आगे कहा कि भाजपा चुनाव के वक्त बड़े बड़े वादा करती है लेकिन पूरी नही करती, भाजपा नेता कहते है मोदी की गांरटी। ये कैसी गांरटी, जबकी बीते विधानसभा चुनाव में किसानों को 3100 रूपये धान, गेंहू 2700 रू, बहनों को घर बनाने, बहनों को 3000 रू व गैस 450 रूपये करने का वादा किया था जो अभी तक पूरा नही किया है। तो कैसी गांरटी? मै सभी मतदाताओं को बताना चाहता हूं कि भाजपा किस तरह झूठे वादे, प्रलोभन देकर वोट बटोरने का कार्य कर रही है। आम जनता ऐसे झुठे वादों को समझे और आपना बहुमुल्य वोट एक अच्छी सरकार बनाने में दे। ताकि देश में भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी खत्म हो सके। श्री सरस्वार ने सभी आमजनों कार्यकर्ताओ से जन आर्शिवाद मांगा और कहा कि मै बालाघाट मुख्यालय में बैठा हूं २४ घण्टें आपकी सेवा के लिये तत्पर हूं। आप सभी के साथ हूं। दो बजे रात को भी कोई परेशानी हो उसका निराकरण किया जायेगा। इस दौरान प्रमुख रूप से वारासिवनी विधायक विक्की पटेल ,विश्वेश्वर भगत, पूर्व सरपंच देवलाल जैतवार ,पूर्व जनपद सदस्य जीत लाल बसेने,जनपद प्रतिनिधि बुधराम बिसेन,पूर्व सरपंच सेवन घाट नरेंद्र पटले ,पूर्व जनपद सदस्य दशरथ ठाकरे, पूर्व सरपंच घोटी , देवाजी पंचेश्वर ,पूर्व सरपंच गुनाई , कोमेंद्र पटेल, वीर सिंह सोलंकी ,अशोक रैकवार सहित समस्त कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

#### भरवेली ग्राम में में कार्यकर्ताओं की बैठक में ये रहे उपस्थित

बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे ,हिरासन उईके, तबरेज पटेल, जुगल शर्मा, रचना लिल्हारे,सुखदेव मुनि कुतरहे, कुलदीप निकोसे ,दिगंबर सुनवाने, रिजवान अली ,शेख चांद भाई, एडमिन कुमार ,पन्नालाल कुतरहे , भीम वाहने,इमरान, भुरू पटेल , ज्ञानसिंह , इंद्रसिंह कुर्वाते,बोदा सरपंच उमेश लिलहरे, आमेड़ा सरपंच, मकसूद खान, मिलन चौरे,शाकिर ,देवशिलारे सहित अन्य कार्यकर्ता का उपस्थित रहे ।